# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 22/09/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 21.09.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा IS-191 गैंग के सदस्य माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी की हिस्ट्रीशीट खोली गई।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक श्री राम सजन नागर थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर के द्वारा देखभाल क्षेत्र भ्रमण से ज्ञात हुआ कि IS-191 गैंग के सदस्य माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी के द्वारा कूट रचित व धोखा धड़ी करके सार्वजनिक जमीनों को कब्जा करना व चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण करने व कराने का कार्य किया जाता है, जिसके विरुद्ध जनपद गाजीपुर/मऊ/लखनऊ में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। IS-191 गैंग के सक्रिय सदस्य उमर अंसारी पुत्र मुख्तार अंसारी निवासी दर्जी मुहल्ला यूसुफपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर की निगरानी की आवश्यकता है। इसी क्रम में आज दिनांक 21.09.2025 को अपराधी उमर अंसारी उपरोक्त की थाना मुहम्मदाबाद पुलिस के द्वारा हिस्ट्रीशीट खोली गयी।

अपराधी का नाम व पता –

1.उमर अंसारी पुत्र मुख्तार अंसारी निवासी दर्जी मुहल्ला यूसुफपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर

आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 245/2025 धारा 319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर
2. मु0अ0सं0 689/2020 धारा 420/423/465/467/468/471/474/477A/120बी भादवि थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर
3. मु0अ0सं0 236/2020 धारा 420/467/468/471/120 बी भादवि व 3 सा0 संपत्ति क्षति निवारण अधि0 थाना हजरतगंज लखनऊ
4. मु0अ0सं0 97/2022 धारा 171F/506/188/189/153A/120 बी भादवि थाना कोतवाली जनपद मऊ

5. मु0अ0सं0 95/2022 धारा 188/171F भादवि थाना कोतवाली जनपद मऊ

6. मु0अ0सं0 106/2022 धारा 171H/188/341 भादवि थाना कोतवाली जनपद मऊ

7. मु0अ0सं0 27/2022 धारा 188/171H भादवि व 133 लोक प्रतिनिधित्व अधि0 थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ

**2. थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 691/2025 धारा 137(2), 64 बीएनएस व 5J(2)/5L/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 21.09.2025 को प्रभारी निरीक्षक दीन दयाल पाण्डेय, उ0नि0 शैलेश कुमार यादव मय हमराह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 691/2025 धारा 137(2), 64 बीएनएस व 5J(2)/5L/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त शिवम चौरसिया उर्फ मोनू पुत्र कमलेश चौरसिया उर्फ लखेदू निवासी औरंगाबाद थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर को सैनिक चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम पता-

01. शिवम चौरसिया उर्फ मोनू पुत्र कमलेश चौरसिया उर्फ लखेदू निवासी औरंगाबाद थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र करीब 21 वर्ष

आपराधिक इतिहास –

01. मु0अ0सं0 691/2025 धारा 137(2),64 BNS व 5J/2/5L/6 पाक्सो एक्ट थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर

**03. थाना कासिमाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 347/25 धारा 105/115(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 21.09.2025 को प्रभारी निरीक्षक श्री नन्द कुमार तिवारी मय हमराह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0 347/25 धारा 105/115(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1.अश्ववी कुमार राय पुत्र विशुनदेव राय 2. आलोक राय पुत्र रामकृत राय को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे बहद ग्राम धरवार कला के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम** –

1.अश्ववी कुमार राय पुत्र विशुनदेव राय उम्र 43 वर्ष

2.आलोक राय पुत्र रामकृत राय उम्र 27 वर्ष निवासीगण ग्राम पाली थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर

**अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास—**

01. मु0अ0सं0 347/25 धारा 105/115(2) बीएनएस थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर

## 04. थाना करीमुद्दीनपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 207/25 धारा 137(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 गुमशुदा बच्चों को सकुशल बरामद किया गया।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 21.09.2025 को प्रभारी निरीक्षक करीमुद्दीनपुर मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 207/25 धारा 137(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 गुमशुदा बच्चों को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम सिरगिठा से सकुशल बरामद किया गया।

**गुमशुदा बच्चों का नाम व पता –**

1.सचिन पुत्र राजकुमार बनवासी निवासी ग्राम रानीपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर उम्र 05 वर्ष

2.खुशी पुत्री राजकुमार बनवासी निवासी ग्राम रानीपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर उम्र 07 वर्ष

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**